
मैत्री समूह

# Chirping Sparrow

Year - 17, Issue - 3

A Newsletter of Maitree Samooh



आज अपने स्वप्न को मैं, सच बनाना चाहता हूँ,
दूर की इस कल्पना के, पास जाना चाहता हूँ,
चाहता हूँ तैर जाना, सामने अंबुधि पड़ा जो,
कुछ विभा उस पार की, इस पार लाना चाहता हूँ,
स्वर्ग के भी स्वप्न भू पर, देख उनसे दूर ही था,
किन्तु पाऊँगा नहीं कर आज अपने पर नियंत्रण।
तीर पर कैसे रुकूँ मैं, आज लहरों में निमंत्रण!

लौट आया यदि वहाँ से, तो यहाँ नव युग लगेगा,
नव प्रभाती गान सुनकर, भाग्य जगती का जगेगा,
शुष्क जड़ता शीघ्र बदलेगी सरल चैतन्यता में,
यदि न पाया लौट, मुझको लाभ जीवन का मिलेगा,
पर पहुँच ही यदि न पाया, व्यर्थ क्या प्रस्थान होगा?
कर सकूँगा विश्व में फिर भी नए पथ का प्रदर्शन!
तीर पर कैसे रुकूँ मैं, आज लहरों में निमंत्रण!

– डॉ. हरिवंशराय 'बच्चन'



Dr. Anekant Jain

Dr. Anekant is a well-known name today in the Jain society. Born and brought up in a religious family, he always had a keen interest in academics and literature and has secured gold medals in M.A. in Jainology & Comparative Religion and Buddha Darshan. He is a passionate and well-respected teacher and currently works as an Associate Professor in the Dept. of Jain Philosophy at Shri Lalbahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapeeth. He is a prolific writer on various social issues, Jainology and Prakrit Literature. He has also spoken at multiple national and international conferences on Jainology and Prakrit. He has written more than 60 research articles and over 100 articles for various newspapers and magazines. Unlike most writers of current times, his writing is precise, to the point and has the analytical rigor. His books are a perfect example of how to present Jainism in today's context while not compromising facts and Agam. He has authored more than 10 books with Jain Dharm Ek Jhalak, Ahinsa Darshan - Ek Anuchintan, and Darshanik Samanvaya Ki Jain Drishti being some of his popular titles. He is also the editor of first Prakrit magazine "Pagad Bhasa".

For his contributions in the field of Jainology and Prakrit, he has received numerous prestigious awards including the Kundkund Gyanpeeth Award, Arhatvachan Award, Jain Vidya Bhaskar and Yuva Vachaspati Award. In 2013, he was awarded the coveted Maharshi Vadrayan Vyas Samman award from the President of India for his contributions to Prakrit language.

He is a strict follower of moral values and spends his time on teaching and research.

anekant76@gmail.com



मैत्री समूह का प्रिय वालंटियर और अवार्डी अनिमेष (सुपुत्र श्री देवराज जैन) कुछ दिन पूर्व हम सब से विदा लेकर बहुत दूर चला गया है। वो जहाँ भी है उसे हमारा प्रेम और उसकी आत्मा की सद्गति और संपूर्ण मैत्री समूह परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से विनम्र प्रार्थना।

### मैत्री सहयोग (Maitree Help)


जरूरतमंद जैन छात्रों से स्कालरशिप के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित हैं। फॉर्म maitreesamooh.com पर उपलब्ध हैं। Maitree Samooh invites application for its merit cum means scholarships. Applications forms can be downloaded from maitreesamoh.com/scholarship


# Chirping Sparrow

Chirping Sparrow is published by **MAITREE SAMOOH**. Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : samooh.maitree@gmail.com,
Website : **www.maitreesamooh.com**, Mob.: **94254-24984, 7694005092**
www.facebook.com/maitreesamooh

It is circulated to all Young Jaina Awardees and friends of Maitree Samooh.

## Jainism and Modern Science



As the line between our religion and its real-world applications becomes less distinct, it is important to take a step back and appreciate that Jainism, despite being the most ancient system of beliefs, still embraces pluralism and is compatible with the modern science. Unlike major Abrahamic world religions which have historically clashed with science, even when reason and empirical evidence challenged them, Jainism welcomes an open platform of discussion, learning, and awareness. While this is a very vast topic, in this article, I would touch upon a few aspects of Jainism and modern science.

**Jainism and Microbiology**

Jainism has a very wide definition for living beings and it considers the presence of life not just in humans and animals but also in trees, stones, fire, air, and other elements of nature. Even a single drop of water contains innumerable living bodies (Jivas). Although these statements baffled many until the 19th century, it wasn't until the 19th century that we were able to verify how precise these statements were. Today, we know about microorganisms, living organisms invisible to the naked eye. Because of this remarkable discovery, Jainism is credited by the scientific community as being among the first religions to postulate the existence of unseen microbiological life centuries before the invention of the microscope.

Moreover, science can be used to rationalize many Jain practices and rituals be it not eating after sundown, or be it the vegetarian style of living, or be it using filtered water or be it not eating the root vegetables.

The substantiation of Jain beliefs through scientific advancement illustrates the interdependence and compatibility between Jainism and science, and how they can be used synergistically to better understand the universe we live in.

**Jainism and Cosmology**

Jainism has explored the colossal structure of the universe in its entirety: its shape, size, origin, purpose, and inner workings. Jain texts have meticulously defined the elements of the universe as existing in 6 Dravyas: space (Akasa), time (Kala), matter (Pudgala), living substances (Jiva), non-living substances (Ajiva), the medium of motion (Dharma-tattva), and the medium of rest (Adharma-tattva). Just as modern scientific cosmology maintains that the universe is governed by universal natural laws, Jainism holds the belief that all elements of the universe are constant and have always existed and are govenrend by interaction between the six Dravayas and Karm Siddhant.

Taking a turn from every major religion, Jainism does not support a belief in a creator deity. Instead, it cites the theory of causation, in which every action has an associated cause. In this framework, God cannot create a the universe. Interestingly, the Jain stance on non-creationism and causation parallels the Law of Conservation of Mass & Energy, in which matter cannot be created and thus, the total matter or energy in the universe is always constant. In fact, time in Jainism (Kala Dravya) is "beginningless" and eternal, portrayed in a cosmic wheel of time (Kalachakra) which rotates ceaselessly. The shared scope of Jainism with cosmology in its aim to understand the universe further demonstrates its compatibility with science.

**Jainism and Ecology**

Jainism recognizes the natural phenomenon of 'balanced life' and explores the role of humans in their interactions with animals and the environment. In Jainism, the fundamental principle of non-violence (Ahimsa) not only extends to humans, but to all Jivas, including animals, plants, and the environment.



As human beings endowed with five senses and the capacity to pursue spiritual liberation from the cycle of birth and death, Jainism maintains that it is the principal duty of humans to offer protection to all living beings, which is practiced through Ahimsa, the Jain diet, and animal welfare (Jiv Daya). Ahimsa can also be applied to the greater scale of conservation biology and environmentalism, which aims to protect species, their habitats, and their ecosystems from extinction. These declines have been accelerated by invasive human activity such as deforestation, agricultural expansion, and overexploitation.

Many believe that the practice of veganism on a global scale can completely end world hunger and famine with better reallocation of natural resources and energy to more sustainable levels. The land, vegetation, and resources used to feed livestock can instead be used to supply the human population directly, reducing and eventually leading to the end of world hunger.

**Jainism and Public Health**

Though the Jain practice of vegetarianism is spiritually motivated, many studies substantiate the numerous health benefits of vegetarianism. Large-scale studies have repeatedly shown decreased overall risks of cancer, diabetes, cardiovascular diseases, chronic illnesses, and other causes of mortality for both men and women. Professional associations such as the Academy of Nutrition and Dietetics and Dietitians of Canada have formally stated that a properly planned vegetarian diet is "healthful, nutritionally adequate, and provides health benefits in the prevention and treatment of certain diseases" in all stages of life.

The verifiable health benefits of vegetarianism and Jain meditation present limitless applications in public health, which aim to prevent disease, prolong life, and promote human health. Yoga, which dates back to pre-Vedic Indian traditions, plays an essential role in Jain spirituality and observance of the three gems of Jainism (Ratnatraya), which constitute the path to liberation. Jainism heavily discusses the triple gems — right faith (Samyak Darshana), right knowledge (Samyak Gyana), and right conduct (Samyak Charitra) as essential for the soul to move up spiritually.

The third gem, Samyak Charitra, emphasizes the exercise of control over one's inner desires, which is achieved through vows (Mahavratas) which include meditation, fasting, penance and restriction of certain movements. Jain meditation is practiced in the form of Samayika, meditation, and fasting, which aim to purify one's emotions, allow one to reflect on the soul and karmic matter, and ultimately realize oneself.

Although Jain meditation is also spiritually motivated, its existing and historical meditation techniques present many health benefits, including reducing stress, reducing the risk of illness, and improving mental health. Structured breathing exercises (Pranayama) and specific postures used during meditation are shown to reduce lower back pain, lower the risk of depression, and have positive effects on sleep anxiety, quality of life, and spiritual growth.

**Conclusion**

The relationship between religion and science has been a subject of study since time immemorial and has been deliberated among philosophers, theologians, and scientists alike. Although many argue that the two concepts are incompatible, often citing historical occurrences such as the Roman Catholic Inquisition and the Galileo affair, as shown throughout this article, the unique and distinctive characteristics of Jain doctrine allow for a synergistic exchange of ideas and can be used to better understand the universe we live in.

-Sunny Jain

# उपासना के दोहरे मानदण्ड

किसी की प्रेरणा से उसने मंदिर आना शुरू ही किया था, पहले ही दिन किसी ने उसकी काली टी शर्ट के लिए उसे बहुत बुरी तरह से टोक दिया। एक दिन वह रात में मंदिर आया और घंटा बजाया तो किसी ने उसे रात में घंटा बजाने से यह कह कर मना किया कि इससे हिंसा होती है और शोर होता है, वह मान गया।

बाद में उसने मंदिर में ही रात को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ढ़ोल मजीरे, आर्केस्ट्रा बजते देखा तो उसे बहुत बुरा लगा, ये दोहरे मानदंड देखकर। उसने प्रवचन में सुना कि धन संग्रह नहीं करना चाहिए, और ज्ञान का अभ्यास करना चाहिए, फिर प्रवचन के बाद उसने करोड़ो की बोलियां सुनी और सबसे बड़े परिग्रही का सम्मान होते देखा तो उसका कंफ्यूजन बढ़ गया।

एक दिन मंदिर में पूजा के दौरान अचानक उसका मोबाइल बजने लगा...जब पूजा समाप्त हुई तो किसी ने उसे बुरी तरह जलील कर दिया। वो शरम से पानी–पानी होता मंदिर से बाहर निकल आया और खुद से मन में बोलता हुआ कि अब मैं मन्दिर नहीं आऊंगा...

कुछ दिन बाद उसके दोस्त उसे चर्च ले गये। वहाँ उसके हाथ से एक मोमबत्ती गिर गयी, वो पादरी को अपनी तरफ आते देख कर डर गया, पादरी ने आते ही पूछा आप जल तो नहीं गए? वो हैरान होकर उन्हें देखता रहा और मुश्किल से 'नहीं' शब्द उसके मुँह से निकला...पादरी ने किसी को बोला – इन्हें दूसरी दे दो...


प्रार्थना के दौरान अचानक उसका mute फोन vibrate हुआ, वह चुपचाप 2 मिनट बाहर बात करके पुनः वापस प्रेयर करने लगा। प्रार्थना के बाद कई अंजान अपरिचितों ने उससे हालचाल पूछा, उससे रहा नहीं गया और उसने बताया कि उसकी माँ के अलावा उसका कोई नहीं है और वह कैंसर से जूझ रही है।

मैं कभी धर्म पर विश्वास नहीं करता था, माँ रोज मंदिर जाती थीं, मैंने सोचा उनके लिए मुझे भगवान् की पूजा अवश्य करनी चाहिए। वहाँ खड़े अनेक लोगों ने उसके लिए प्रार्थना की, कई लोगों ने खर्च का भी पूछा, किसी ने एक बड़े डॉक्टर का नंबर भी दिया जो चर्च के लोगों को निःशुल्क देख लेते हैं। वो जब भी वहाँ जाता, सभी उनका हाल चाल पूछते। फिर वो खुद से मन में बोला... 'अब मैं रोज समय निकालकर चर्च आया करूँगा, चर्च वाले मेरी इज्जत, फिक्र करते हैं।'


क्या हम भी नरमी से नहीं बोल सकते? क्या मन्दिर जी के लोग उस आदमी के पास जाकर प्यार से उसके घर की खैरियत नहीं पूछ सकते थे कि भाई सब कुशल मंगल तो है, जो आपको पूजा के वक्त भी मोबाइल लाना पड़ा... कोई इमेरजेंसी या हमारी मदद की जरूरत तो नहीं?

मुझे क्षमा कीजियेगा यह सन्देश उन लोगों के लिये है जिनकी वजह से कई बार हमारी युवा पीढ़ी धर्म से विमुख हो जाती है! ध्यान रखें मंदिर में कोई आपके पास नौकरी करने नहीं आया है, बल्कि प्रभु की उपासना करने आया है। हो सकता है मेरे और आप की सोच में फर्क हो फिर भी विचार जरूर कीजियेगा।

**– डॉ.अनेकांत, नई दिल्ली**



## रतन टाटा ने एक स्कूल में भाषण के दौरान 10 बातें बताई जो विद्यार्थियों को नहीं सिखाई जाती !



1 जीवन उतार–चढ़ाव से भरा है इसकी आदत बना लो।

2 लोग तुम्हारे स्वाभिमान की परवाह नहीं करते इसलिए पहले खुद को साबित करके दिखाओ।

3 कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद 5 आंकड़े वाली पगार की मत सोचो, एक रात में कोई वाइस प्रेसिडेंट नहीं बनता। इसके लिए अपार मेहनत पड़ती है।

4 अभी आपको अपने शिक्षक सख्त और डरावने लगते होंगे क्योंकि अभी तक आपके जीवन में बॉस से पाला नहीं पड़ा है।

5 तुम्हारी गलती सिर्फ तुम्हारी है तुम्हारी पराजय सिर्फ तुम्हारी है किसी को दोष मत दो, गलतियों से सीखो और आगे बढ़ो।

6 तुम्हारे माता–पिता तुम्हारे जन्म से पहले इतने नीरस और ऊबाऊ नही थे जितना तुम्हें अभी लग रहा है, तुम्हारे पालन–पोषण करने में उन्होंने इतना कष्ट उठाया कि उनका स्वभाव बदल गया है।

7 सांत्वना पुरस्कार सिर्फ स्कूल में देखने मिलता है। कुछ स्कूलों में तो पास होने तक परीक्षा दी जा सकती है लेकिन बाहर की दुनिया के नियम अलग हैं वहाँ हारने वाले को ज्यादा मौके नहीं मिलते।

8 जीवन के स्कूल में महीने भर की छुट्टी नहीं मिलती। आपको सिखाने के लिए कोई समय नहीं देता। यह सब आपको खुद करना होता है।

9 TV का जीवन वास्तविक नहीं होता और जीवन TV के सीरियल की तरह नहीं होता। सही जीवन में आराम नहीं होता, सिर्फ काम और सिर्फ काम होता है।

10 लगातार पढ़ाई करने वाले और कड़ी मेहनत करने वाले अपने मित्रों को कभी मत चिढ़ाओ। एक समय ऐसा आएगा कि तुम्हें उसके नीचे काम करना पड़ेगा।

---

## Ratan Tata shared these 10 pearls of wisdom, that no school will teach you – go ahead, get inspired!

1 Get used to the ups and downs. In life, things are never always good or always bad. Learn to go with the flow and make the best of any situation.

2 People respect you more if you respect yourself. Do not expect to be respected before you prove yourself.

3 Do not make the mistake of thinking you can get a high post or attain overnight success after graduating from college. It takes a lot of hard work and effort.

4 If you think your teacher is strict, scary, hard, and dangerous, wait until you meet your boss. Your old teachers will pale in comparison.

5 Do not blame yourself for your defeat, just learn from your mistakes and move forward.

6 Your parents were not as boring and unimaginative before you were born, they matured while raising and nurturing you.

7 Consolation prizes are only given in schools. In reality, the rules are different for those who fail. There are few second chances.

8 In real life, you do not get a vacation after a few months of work, like you do in school. You do not get the luxury of teachers in adult life. You have to rely on yourself and teach yourself.

9 What is shown on TV is not the reality of life. In reality, there is work and only work.


10 Study constantly and work hard. Do not tease your friends, there may come a time that you have to work under them.

# Questions & Answers

**Q: आत्मचिंतन या अपने कल्याण के बारे में सोचना वगैरह, हमें self centered बनाता है, ऐसा महसूस होता है। फिर गृहस्थी और बच्चों की responsiblity कैसे निभाई जाए, यानि धर्म और कर्तव्य हमें साथ साथ पालने हों तो क्या priority है और क्यूँ?**

**A:** देखो भैया, हम लोगों के जिम्मे एक ही दायित्व नहीं है। हर व्यक्ति के जिम्मे, कम से कम 4 दायित्व तो हैं। एक गृहस्थ की अपेक्षा से कह रहा हूँ। मुनि महाराज का दायित्व तो इतना ही है कि आत्म–कल्याण के साथ साथ लोक–कल्याण की भावना रखें। ये मुनि महाराज का है, लेकिन गृहस्थ के लिए तो पहला दायित्व है कि वो अपनी गृहस्थी को व्यवस्थित ढंग से चलाए। परिवार जनों को सुरक्षा दे, प्यार दे, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए, उनके कल्याण में सहयोगी बने, ये उसकी पहली ज़िम्मेदारी है। उसके बाद जिस समाज की वजह से उसे सुरक्षा मिली है, जिस समाज से जुड़ करके, वो अपनी existence feel करता है, उस समाज के प्रति भी उसका दायित्व है। जिस देश में वो रहता है, उस देश के प्रति दायित्व है। और प्राणी मात्र के प्रति भी उसका दायित्व है। मेरे द्वारा किसी की क्षति ना हो, ये भी दायित्व है। ये 4 तो हैं ही उसके लिए, लेकिन इससे भी बड़ा दायित्व है – अपनी आत्मा के कल्याण करने का दायित्व। अब उसे इन 5 को व्यवस्थित ढंग से चलाना है, अगर आप मुनि बन जाते तो आत्म–कल्याण और लोक–कल्याण की भावना, ये 2 चीज़ें ही रहतीं। लेकिन आपने गृहस्थी का मार्ग चुना है तो आपके ज़िम्मे 5 दायित्व हैं। कई बार ऐसा लगता है कि गृहस्थ का दायित्व बहुत ज्यादा है, बहुत मुश्किल भी है पर उस सारे प्रपंच के बीच में भी अनासक्त रहना और अपने आत्म कल्याण की भावना निरंतर बनाए रखना और बाकी दायित्व को पूरा करना, ये बात बहुत महत्वपूर्ण है।

कुछ लोग गृहस्थी करने के बाद भी सिर्फ अपने आत्म–कल्याण की फ़िक्र करते हैं कि बाकी दुनिया चाहे कहीं जाए हमें क्या करना। तो बनाई क्यों थी गृहस्थी, कहा किसने था? ये विचार करने की बात है। अगर आपने गृहस्थी करी है तो आपका दायित्व है अपने आत्म कल्याण के साथ–साथ जो परिवार जन हैं उन सब को सुरक्षा देना, प्यार देना, उनके कल्याण की चिंता करना। मित्र की परिभाषा लिखी जैन आचार्यों ने "जो निरंतर कल्याण का विचार रखे वो मित्र है"। जो हमारे कल्याण के बारे में निरंतर सोचता रहे, ऐसे कल्याण मित्र को पाना साता वेदनीय कर्म के उदय से ही होता है। तत्वार्थ राजवार्तिक में अकलंक स्वामी लिखते हैं कि ऐसा कल्याण मित्र मिलना जीवन में बहुत दुर्लभ है। कोई पूर्व पुण्य का उदय होगा तब ऐसा कल्याण मित्र मिलता है जो हमेशा हमारा कल्याण कैसे हो, इसकी चिंता करे। गृहस्थी में भी ये विचार आना चाहिए। अकेले संसार बढ़ाने का अर्थ नहीं है गृहस्थी करना, आत्म–कल्याण भी उसका अर्थ है, और साथ में जो हमारे साथ जीव हैं, अभी तक तो एक ही की ज़िम्मेदारी थी, अब तो दो–दो की ज़िम्मेदारी है। और दो भी ऐसे चलेंगे जैसे एक ही चल रहा हो, ये गृहस्थी का बहुत बड़ा दायित्व है। जैसे वहाँ जिस गुरु के शिष्यत्व को अंगीकार किया जाता है, तो फिर उसके चरणों में अपना मन भी डाल दिया जाता है कि वो जैसा सोचेंगे, वैसा ही मैं सोचूँगा, वो जैसा देखेंगे, वैसा ही मैं देखूँगा। जैसा सुनेंगे वैसा ही मैं सुनूँगा। ऐसा, तो वहाँ जैसे हम fully devoted होते हैं अपने गुरु के प्रति मोक्ष मार्ग में, इसी तरह एक दूसरे के प्रति गृहस्थी में भी devoted होकर के चला जाता है। तब वहाँ भी आत्म कल्याण और पर कल्याण दोनों ही हैं। इसीलिए आप इस दायित्व को कम नहीं मानें। अब रही बात priority की तो गृहस्थ के लिए तो अपनी गृहस्थी को ही सबसे पहले देखना पड़ेगा और उसकी गृहस्थी में ही उसका कल्याण निहित है। अगर वो अपने परिवार जनों के कल्याण की चिंता करता है तो मानिएगा वो अपना ही कल्याण कर रहा है।



आचार्य महाराज ने एक बहुत अच्छा उदाहरण दिया है कि देखो, जब भी किसान कामना करता है, भावना भाता है कि पानी बरसे, तो क्या ऐसी भावना करता है कि सिर्फ मेरे खेत में बरसे? नहीं, पानी बरसे, सब दूर बरसेगा पानी, लेकिन फसल किसकी काटेगा वो, सबके खेत की? नहीं, सिर्फ अपने खेत की। भैया, जब हम प्राणी मात्र के कल्याण का विचार करते हैं तब भी अपनी आत्मा का ही कल्याण होता है और जब हम आत्म–कल्याण का विचार करते हैं तब प्राणीमात्र का कल्याण हुए बिना नहीं रहता। Automatically हो जाता, हम नहीं चाहे तब भी हो जाएगा, क्यों? हम अपना कल्याण करना चाहेंगे तो दूसरे का अकल्याण कर ही नहीं सकते क्योंकि दूसरे के अकल्याण का विचार करेंगे तो अपना तो अकल्याण पहले हो जाएगा। दूसरे से गंदा बोलने का मन बनाएँगे तो अपना मन तो पहले गंदा करना पड़ेगा, तब ना दूसरे से गंदा बोलोगे, पहले नंबर यहाँ से शुरू होगा। तो दोनों चीज़ें बिल्कुल simultaneously होने वाली चीज़ें हैं, इसीलिए इनको priority based तो नहीं बना सकते कि किसको priority दें। और आप जिसको भी priority देंगे, ultimately वो सारी चीज़ें उसमें एक साथ ही जुड़कर आ जाएँगी।

आप मंदिर में बैठे हुए हैं, तब भी मानिएगा कि आप गृहस्थी का दायित्व पूरा कर रहे हैं, ये ध्यान रखना। और गृहस्थी में अपने परिवार जनों के कल्याण का विचार कर रहे हैं, तब भी आप मानिएगा कि आप अपना ही कल्याण कर रहे हैं हर स्थिति में। ऐसा सोच कर के करना चाहिए, तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

**Q: महाराज, आपने अपने प्रवचन में भगवान, गुरु और धर्म,ये तीन आलंबन अपनी आत्मोन्नति के लिए सुझाए थे। मेरी जिज्ञासा ये है कि प्रत्येक मुनि जिसने दिगंबर मुद्रा धारण की है, वे सच्चे गुरु हैं क्या?**

**A:** इसकी कसौटी ले लो न, कोई दिक्कत नहीं, कसौटी है अपने पास तो। हमारे भगवान वो हैं जो 18 दोषों से रहित हैं, जो जन्म–मरण और कर्मों से मुक्त हो गये हैं, वे हमारे भगवान हैं।

"विषयों की आशा नहीं जिनके, साम्य भाव धन रखते हैं"

विषयों की आशा नहीं है, आरंभ परिग्रह से रहित हैं, और जो ज्ञान–ध्यान–तप में लगे रहते हैं, प्रपंच में नहीं पड़ते, मेरे लिए तो गुरु वही हैं। शास्त्र की परिभाषा ये है कि भगवान के द्वारा कहा हुआ हो, किसी प्रकार का विरोध उसमें ना आता हो, और जो हमेशा वीतरागता का और तत्व उपदेश देता हो, वही जिनवाणी है। और सरल भाषा में छहढाला में लिखा है, "देव जिनेन्द्र गुरु परिग्रह बिन धर्म दया जुत सार"।

कौन हैं देव हमारे ? जिनेन्द्र भगवान! गुरु कौन हैं ? परिग्रह से रहित, अंतरंग और बहिरंग भी। अकेले कपड़े उतार देने से तो केवल बहिरंग परिग्रह छूटा है लेकिन अंतरंग में भी छूटना चाहिए। ये कसौटी है उसकी। क्या वे संसार घटाने वाले गुरु हैं, क्या हमें उनका आलंबन करना चाहिए? भैया कहते हैं ना – "पानी पीजे छान के, गुरु कीजे जान के", तो जान लो कि अपना कल्याण इनके चरणों में होगा कि नहीं, वरना अपन और प्रपंच में फंस जाएँगे। लेकिन ध्यान रखना, दिगंबर मुद्रा जहाँ भी दिख जाए, उसका अपमान नहीं होना चाहिए। उसके सम्मान की रक्षा हमेशा करना। चाहे वो स्वयं उस दिगंबर मुद्रा का सम्मान कर पाता हो या न कर पाता हो। जिसने दिगंबर मुद्रा धारण करी है, वो स्वयं उस दिगंबर मुद्रा का महत्व भले ही ना समझता हो, लेकिन हम तो समझते हैं। उस दिगंबर मुद्रा को देखकर के प्रणाम, बस इतना हमारा काम है। इसके बाद अगर उनके चरणों में अपना मोक्ष मार्ग बनाना है तो फिर बाकी आप परीक्षा कर लो।


**Q: हमारे साथ में प्रायः ऐसा होता है कि हम सबका अच्छा करने की कोशिश करते हैं, किन्तु वही हमारे साथ दुर्व्यवहार करता है। तो क्या ये हमारे अशुभ कर्म का उदय है या यह हमें सब कुछ हमेशा सहन करना पड़ेगा या उसको उसी के तरीके से अहसास करना होगा?**

**A:** हम किसी के साथ भला करते हैं तो हमें उससे अपेक्षा नहीं रखना चाहिए कि वो हमारे साथ भला ही करेगा। क्यों? क्योंकि दूसरा हमारे साथ भला बुरा करेगा ये हमारे पुण्य–पाप पर निर्भर है, हम दूसरों के साथ भला–बुरा करेंगे, वह दूसरों के पुण्य–पाप पर निर्भर है। ये हमारे संस्कार पर निर्भर है। हमारे अच्छे करने के संस्कार होंगे तो हम दूसरों के साथ अच्छा ही करेंगे, भले हमें return में बुरा मिले। दुर्योधन से परेशान होकर युधिष्ठिर ने भीष्म पितामह से कहा था कि मैं इनके साथ हमेशा अच्छा करता हूँ पर इनकी तरफ से return हमेशा बुरा ही मिलता है। तो युधिष्ठिर को समझाया था कि सुनो, जैसे हवाएँ अगर खुशबू वाले फूलों के उपर से जाएँ तो वे सुगन्धित हो जाती हैं। पर अगर वही हवायें मरघट में से सड़ी लाश के ऊपर से निकलें तो दुर्गंध लेकर के आती हैं। अब बताओ, हवाओं का क्या दोष? तुम दूसरे को प्रेम देते हो और वहाँ से घृणा लौट के आती है तो तुम्हारा दोष नहीं है। क्या करें, वो सड़ी–गली जैसे कि लाश पर से हवा लौट के आती है ऐसे ही तुम्हारा प्रेम वहाँ जाकर घृणा में बदलकर आता है। तुम्हारा दोष नहीं है, कोई पूर्व में हमने वैसे कर्म किए हैं जिसका फल हमें मिल रहा है – पहली चीज तो यह है।

फिर हम अपेक्षा नहीं रखेंगे तो जो चीज हमारे पास return हो कर के आती है उसे हमें सहन करना चाहिए, भला–बुरा दोनों चीजों को। और तीसरी चीज़ यह कह रहे हैं कि उसको उसी के तरह से अहसास कराना चाहिए, यह बिलकुल last stage में है। फिर हम उससे withdraw कर लें, हम किसी के साथ भला करते हैं और हम देखते हैं कि बार–बार वहाँ से बुरा ही आता है तो अब हम चुप हो जायें, उसकी तरफ से। आचार्य महाराज कहते हैं – फिर उपेक्षा नाम का संयम रखें, ना राग, ना द्वेष, हमारा आप से कोई संबंध नहीं। तटस्थ हो जायें, तीनों स्थिति आपने लिख दीं, तीनों का combination बनाया, तभी आपको satisfaction मिलेगा। पहली चीज, जो भी हमें यहाँ सुख–दुःख मिलता है उसमें हमारा वर्तमान का तो रहता ही है और हमारा पुराना भी हिसाब–किताब रहता है भैया। और दूसरी चीज, हमें हमेशा सुख–दुःख दोनों को सहन करने की आदत डालनी चाहिए। और जहाँ से दुःख ज्यादा मिले वहाँ से withdraw कर लेना चाहिए कि अब क्या करें, आगे आपका भला नहीं कर पायेंगे। श्रावक के लिये तो यही है।

**शंका समाधान - मुनिश्री क्षमासागरजी द्वारा**

## दृढ़-संकल्प



- मुनि क्षमासागर जी

दुर्ग में लगभग अठारह दिन आचार्य महाराज संघ सहित ठहरे। एक दिन विहार होने वाला था। महाराज जी विहार से पहले दर्शन करने मन्दिर जी गए। लोगों को विहार का आभास हो गया। सभी लोग भागे–भागे मन्दिर में आ गए। जैसे ही महाराज जी दर्शन करके सीढ़ियां उतरने लगे, सभी ने उनके पैर पकड़ लिए। कुछ लोग तो सीढ़ियों पर ही लेट गए कि हम गमन नहीं करने देंगे।

समय बीतता गया, आग्रह और भीड़ निरन्तर बढ़ती गई। एक वीतरागी के प्रति लोगों का अनुराग उस दिन देखते ही बनता था, पर आचार्य महाराज उस दिन विहार के लिऐ दृढ–संकल्पित थे। सो रूकना संभव नहीं था। विलम्ब हो जाने के बाद भी गमन हुआ। लोगों ने उनका अनुगमन किया। बहुत दूर तक पीछे–पीछे गए। सभी के मन में था कि कुछ दिन महाराज और रूकते तो अच्छा रहता। पर साथ ही साथ यह भी अहसास हुआ कि मोक्ष–मार्ग पर दृढ़ संकल्पित होकर अविचल बढ़ते रहना, सदा नदी की तरह गतिशील रहना, यही सच्चे मोक्षार्थी की पहचान है।

दुर्ग, 1984

## कविता

### बारिश

चिड़िया भीग जाती है  
जब बारिश आती है

नदी भर जाती है  
जब बारिश आती है

धरती गीली हो जाती है

पर बहुत मुश्किल है  
इस तरह आदमी का  
भीगना और भर पाना

आदमी के पास बचने का  
उपाय है न!



### RAIN

The bird gets drenched  
when it rains;  
The river overflows,

The earth is soaked  
when it rains.


But for man,

when it rains,  
it is hard  
to get drenched,  
hard to over flow.

Man knows  
how to escape !

मुनि क्षमासागर जी  
अंग्रेजी अनुवाद - सुनीता जैन्न

परम पूज्य आचार्यश्री विद्यासागरजी के आशीर्वाद एवं उनके परम शिष्य
मुनिश्री क्षमासागरजी की प्रेरणा से आयोजित



# जैन युवा प्रतिभा सम्मान ALL INDIA Young Jaina Award 2018









## आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं...

मैत्री समूह द्वारा समूचे भारतवर्ष के शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योग्यता प्राप्त करने वाले जैन छात्र/ छात्राओं को Young Jaina Award से सम्मानित किया जाता है। सन् 2018 में 10वीं कक्षा में 85%, 12वीं कक्षा में साइंस में 80% और आर्ट्स एवं कॉमर्स में 75%या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले जैन छात्र/छात्राएँ हमारी बेवसाइट www.maitreesamooh.com पर ऑनलाईन आवेदन-पत्र भर सकते हैं।

खेल में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले, विकलांग या अपने राज्य में मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्र/ छात्राओं के लिये निर्धारित अंक सीमा की बाध्यता नहीं रहेगी।

## आवेदन की अंतिम तिथि - 31 जुलाई 2018

**आवेदन ऐसे करें-** आवेदन भरने से पूर्व छात्रों को YJA 2018 की वेबसाइट पर रजिस्टर करना अनिवार्य है। जब आप रजिस्टर हो जाते हैं, तब ऑनलाईन आवेदन-पत्र भर सकते हैं। आवेदन-पत्र में आवश्यक प्रमाण-पत्रों एवं रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ (नया खिंचा) अपलोड करना होगा। आवेदन पूर्ण करने के बाद लॉग इन कर आप अपने आवेदन का Preview देख सकते हैं। आवश्यक हो तो आप अपने आवेदन की जानकारी 31 जुलाई 2018 से पहले एडिट भी कर सकते हैं। यंग जैना अवार्ड 2018 के लिये चयनित विद्यार्थी अपना वरीयता क्रम 20 अगस्त 2018 के उपरांत www.maitreesamooh.com पर देख सकते हैं।

रजिस्टर करने हेतु लिंक maitreesamooh.com/register
आवेदन-पत्र भरने हेतु लिंक maitreesamooh.com/apply

आवेदन संबंधी किसी भी जानकारी के लिए कॉल करें (सायं 7 से 9 बजे तक) बैंगलोर-09900213045, हैदराबाद-07207191132, मुम्बई-09773536530, 08983694093, पुणे-09011050486, सागर-09826480996, दिल्ली- 09999453770, शिवपुरी-09406965576, भोपाल-09981554559, ग्वालियर-09425137669

**मैत्री समूह**, पोस्ट बॉक्स नं. 15, विदिशा (म.प्र.) 464001, e-mail : samooh.maitree@gmail.com
Website : maitreesamooh.com Mobile : 09425424985, 07694005092

मैत्री समूह

## डाकू की सीख

एक डाकू था, जो साधू के भेष में रहता था। एक दिन कुछ व्यापारियों का जुलूस उस डाकू के ठिकाने से गुज़र रहा था। सभी व्यापारियों को डाकू ने घेर लिया। डाकुओं की नज़रों से बचकर एक व्यापारी रुपयों की थैली लेकर नज़दीकी तंबू में घुस गया। वहाँ उसने एक साधू को माला जपते देखा। व्यापारी ने वह थैली उस साधू को संभालने के लिए दे दी। साधू ने कहा कि तुम निश्चिंत हो जाओ। डाकुओं के जाने के बाद व्यापारी अपनी थैली लेने वापस तंबू में आया। उसके आश्चर्य का पार न था। वह साधू तो डाकूओं की टोली का सरदार था। लूट के रुपयों को वह दूसरे डाकुओं में बाँट रहा था। व्यापारी वहाँ से निराश होकर वापस जाने लगा मगर उस साधू ने व्यापारी को देख लिया। उसने कहा, 'रूको, तुमने जो रुपयों की थैली रखी थी वह ज्यों की त्यों रखी है।'

अपने रुपयों को सलामत देखकर व्यापारी खुश हो गया। डाकू का आभार मानकर वह बाहर निकल गया। उसके जाने के बाद वहाँ बैठे अन्य डाकुओं ने सरदार से पूछा कि हाथ में आये धन को इस प्रकार क्यों जाने दिया। सरदार ने कहा, 'व्यापारी मुझे भगवान का भक्त जानकर भरोसे के साथ थैली दे गया था। उसी कर्त्तव्यभाव से मैंने उन्हें थैली वापस दे दी।'

किसी के विश्वास को तोड़ने से सच्चाई और ईमानदारी हमेशा के लिए शक के घेरे में आ जाती है।


## संवेदनशीलता

एक पोस्टमैन ने एक घर के दरवाजे पर दस्तक देते हुए कहा, 'चिट्ठी ले लीजिये।' अंदर से एक बालिका की आवाज आई, 'आ रही हूँ।' लेकिन तीन–चार मिनट तक कोई न आया तो पोस्टमैन ने फिर कहा, 'अरे भाई! मकान में कोई है क्या, अपनी चिट्ठी ले लो।' लड़की की फिर आवाज आई, 'पोस्टमैन साहब, दरवाजे के नीचे से चिट्ठी अंदर डाल दीजिए, मैं आ रही हूँ।' पोस्टमैन ने कहा, 'नहीं, मैं खड़ा हूँ, रजिस्टर्ड चिट्ठी है, पावती पर तुम्हारे साइन चाहिये।' करीब छह–सात मिनट बाद दरवाजा खुला। पोस्टमैन इस देरी के लिए झल्लाया हुआ तो था ही और उस पर चिल्लाने वाला ही था, लेकिन दरवाजा खुलते ही वह चौंक गया। एक अपाहिज कन्या जिसके पांव नहीं थे, सामने खड़ी थी। पोस्टमैन चुपचाप पत्र देकर और उसके साइन लेकर चला गया। हफ्ते, दो हफ्ते में जब कभी उस लड़की के लिए डाक आती, पोस्टमैन एक आवाज देता और जब तक वह कन्या न आती तब तक खड़ा रहता। एक दिन उसने पोस्टमैन को नंगे पाँव देखा। दीपावली नजदीक आ रही थी। उसने सोचा पोस्टमैन को क्या ईनाम दूँ? एक दिन जब पोस्टमैन डाक देकर चला गया, तब उस लड़की ने, जहाँ मिट्टी में पोस्टमैन के पाँव के निशान बने थे, उन पर कागज रख कर उन पाँवों का चित्र उतार लिया। अगले दिन उसने अपने यहाँ काम करने वाली बाई से उस नाप के जूते मँगवा लिये। दीपावली आई और उसके अगले दिन पोस्टमैन ने गली के सब लोगों से तो ईनाम माँगा और सोचा कि अब इस बिटिया से क्या इनाम लेना? पर गली में आया हूँ तो उससे मिल ही लूँ।



उसने दरवाजा खटखटाया। अंदर से आवाज आई, 'कौन?' 'पोस्टमैन', उत्तर मिला। बालिका हाथ में एक गिफ्ट पैक लेकर आई और कहा, 'अंकल, मेरी तरफ से दीपावली पर आपको यह भेंट है।' पोस्टमैन ने कहा, 'तुम तो मेरे लिए बेटी के समान हो, तुमसे मैं गिफ्ट कैसे लूँ?' कन्या ने आग्रह किया कि मेरी इस गिफ्ट के लिए मना नहीं करें। ठीक है कहते हुए पोस्टमैन ने पैकेट ले लिया। बालिका ने कहा, 'अंकल इस पैकेट को घर ले जाकर खोलना।' घर जाकर जब उसने पैकेट खोला तो विस्मित रह गया, क्योंकि उसमें एक जोड़ी जूते थे। उसकी आँखें भर आईं। अगले दिन वह ऑफिस पहुँचा और पोस्टमास्टर से फरियाद की कि उसका तबादला फौरन कर दिया जाए। पोस्टमास्टर ने कारण पूछा, तो पोस्टमैन ने वे जूते टेबल पर रखते हुए सारी कहानी सुनाई और भीगी आँखों और रुंधे कंठ से कहा, 'आज के बाद मैं उस गली में नहीं जा सकूँगा। उस अपाहिज बच्ची ने तो मेरे नंगे पाँवों को तो जूते दे दिये पर मैं उसे पाँव कैसे दे पाऊँगा?'

## ईमानदारी



कुछ वर्षों पहले की बात है। पापा हर बार एक ही बात कह रहे थे कि क्या तुमने मेरा सफेद बैग देखा है? इसी बीच पापा ने उस बैग की तलाश गाँव मे हर सम्भव जगह की, किन्तु वह बैग किसी जगह नहीं मिला। फिर सोचा शायद बस में सफर करते समय (पापा पढ़ाने के लिए रोज खलघाट जाते हैं) वहीं रह गया होगा, क्योंकि उस दिन बस में बहुत भीड़ थी। वर्ना हमारा कंडक्टर बहुत अच्छा है, उसे मिलता तो जरूर वापस करता। लगभग 2–3 दिन बाद जब पापा बैग मिलने की उम्मीद पूरी तरह खो चुके थे, तब एक व्यक्ति ने आवाज लगाई जो कि जनरल स्टोर के मालिक थे। उन्होंने वह बैग पापा के सामने रख दिया। पापा को तो बहुत ही ज्यादा आश्चर्य हुआ। फिर भैया ने खुद ही बताया कि यह बैग हमारी दुकान पर 2–3 दिन से पड़ा है। हमने इसे खोलकर देखा ही नहीं कि जिसका भी होगा वह माँगने आ जायेगा। पर जब 2–3 दिन तक कोई इसे लेने नहीं आया, तब हमने उसे खोला तो हम आश्चर्य में पड़ गए! अरे! यह तो पैसों से भरा बैग है। सारा बैग बिखेरा किंतु उसमें कोई पता या निशानी नहीं मिली। फिर अंत मे एक जन्म पत्रिका देखी, जो आपकी बेटी की थी। उसके नाम के आधार पर हमने सोचा शायद यह आपका ही बैग होगा। तब अगले दिन सारा बैग समेटकर मैं दुकान पर ले आया ताकि आपको दे सकूँ। इस पर भी वे कहने लगे कृपया जाँच लीजिये कि पैसे बराबर हैं या नहीं। पापा ने धन्यवाद देते हुए कहा – अरे आप हमें क्यों शर्मिंदा कर रहे हो। उस दिन उन भैया की ईमानदारी देखकर मानवता पर हमारा विश्वास और दृढ़ हो गया। आजकल इतनी माथापच्ची करके, उस व्यक्ति का पता लगाकर उसे पैसे वापिस करने वाले बहुत कम लोग होते हैं। इसके लिए हम उनके अहसानमंद रहेंगे व उनका यह व्यवहार कभी नहीं भुला पाएंगे। और हाँ, हमें सारी बात बताने के बाद सबसे पहले पापा ने अपने बैग पर अपना नाम व पता लिखा, जिसे देखकर हम सभी हँस पड़े।

**- वीणा महेश्वर**

BOOK-POST

मैत्री समूह

# Chirping Sparrow

Year - 17, Issue - 3

**A Newsletter of Maitree Samooh**

From
**MAITREE SAMOOH**
Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : samooh.maitree@gmail.com
Website : www.maitreesamooh.com
www.facebook.com/maitreesamooh
Mob.: 9425424984, 7694005092
(Maitree Samooh is a Registered Trust in Delhi)

To, ______________________

______________________

______________________